# वित्त समिति की नई दिल्ली स्थित दिनांक 20 अप्रैल 2012 (शुक्रवार) को आयोजित बैठक के कार्यवृत्त

यह बैठक यू एस आई स्कूल नई दिल्ली में निर्धारित तारीख एवं समय पर आयोजित की गई थी। निम्नलिखित सदस्यगण उपस्थित थे:

| | | |
|---|---|---|
| **1. प्रो. महेन्द्र पी लामा** | **उपकुलपति** | **अध्यक्ष** |
| **2. श्री अमित खरे** | **(विजिटर द्वारा नामित)** | **सदस्य** |
| **3. डा0 रेणु बत्रा** | **(विजिटर द्वारा नामित)** | **सदस्य** |
| **4. श्री नवीन सोई** | **(विजिटर द्वारा नामित)** | **सदस्य** |
| **5. श्री सोनाम वांगडी** | **(विजिटर द्वारा नामित)** | **सदस्य** |
| **6. श्री दीपक दर्नाल(श्री के एन भुटिया, सचिव, वित्त विभाग, सिक्किम सरकार, सदस्य का प्रतिनिध)** | **(ई सी नोमिनी)** | **सदस्य** |

श्री डी कानुनज्ञ, ओ एस डी(वित्त) सिक्किम विश्वविद्यालय ने समिति के सचिव के तौर पर कार्य किया, श्री सी तालुकदार, प्रबंधक (वित्त) सिक्किम विश्वविद्यालय एवं डा0 ओ पी गाडे, सहायक प्रोफेसर सह एसोसिएट फेलो (प्रशासन) ने सिमति का सहयोग किया ।

श्री अर्जुन स्यांगदेन, सदस्य (ई सी द्वारा नामित) ने अनिवार्य कार्यव्यस्तता के कारण अनुपस्थिति की छुट्टी ली।

<u>समूह I – स्वीकार्यता अपेक्षित मदें</u>

| | |
|---|---|
| एफ सी:08:01 | अध्यक्ष द्वारा सदन में शांति व्यवस्था का आह्वान |

<u>कार्यवृत्त:</u>

बैठक हेतु कोरम पूरा होने पर, अध्यक्ष महोदय ने संक्षिप्त स्वागत सम्भाषण के पश्चात बैठक में शांति व्यवस्था का आह्वान किया तथा सचिव एक एक कर कार्यसूची मदों को प्रस्तुत करने को कहा ।

| | |
|---|---|
| एफ सी:08:02 | निधन सूचना संदर्भ |

सदन की निम्नलिखित प्रतिष्ठित महानुभावों की हाल में हुई मृत्यु की शोक सूचना दी गई :

1. *श्री एम के गुरुंग, उप निदेशक, एच आर डी डी, सिक्किम सरकार*
2. *श्री सुकुमार अजीकोडे, वयोवृद्ध मलयालम लेखक, वक्ता, विद्वान एवं गांधीवादी, जिनका निधन दिनांक* 24.01.2012 *को हुआ*
3. *अनुभवी कलाकार श्री देव आनंद, जिनका निधन* 04.12.2011 *को हुआ*
4. *श्री पी.के राय, भारतीय पत्रकार एवं समाचार पत्र वाला, भारतीय प्रेस ट्रस्ट का अध्यक्ष, जिनका निधन दिनांक* 24.03.2012 *को हुआ ।*

इनकी मृत्यु पर संवेदना हेतु सदन ने दो मिनट का मौन रखा

| एफ सी:08:03 | उपकुलपति महोदय का प्रेक्षण |
|---|---|

उपकुलपति ने सदन को सूचित किया कि संस्थापक उपकुलपति के रूप में उन्होंने हाल में किए जा रहे विभिन्न कार्यक्रमों के लिए सदस्यों का मूल्यांकन करना अपने कार्य का एक अंश बनाया है । इससे सदसयों को विश्वविद्यालय में प्रगति की ओर चलने एवं विश्वविद्यालय के दीर्घकालिक विजन को पूरा करने का सही चित्रण होता है ।

अपने 20 मिनट के पावर प्वाइंट प्रस्तुतीकरण में संस्थापक उपकुलपति ने मुद्दों के विस्तृत पहलुओं, छात्र नामांकन से डिग्री अवार्ड किए जाने, परिचालित पुनरीक्षण से मूल्यांकन, शिक्षण एवं गैर शिक्षण पदों पर भर्त्ती, चुनौतीपूर्ण परिस्थिति में विश्वविद्यालय प्रशासन का प्रबंधन, एन इ टी - एस एल ई टी परीक्षाएं, मौखिक इतिहास परियोजना, शरद प्रवास कार्यक्रम, विशेष व्याख्यानमाला आदि कुछेक को स्पर्श किया । उन्होंनें कहा कि विश्वविद्यालय के समक्ष तीन प्रमुख कार्य वर्तमान क्षण में हैं, जो कि निम्नलिखित है :

(a) विनियमावली एवं सांविधिक मांग के अनुरूप अध्यादेश की ड्राफ्टिंग,

(b) विश्वविद्यालय के लक्ष्य एवं विजन के अनुरूप शैक्षाणिक प्रगति हेतु नीतियों की डिजाइनिंग एवं

(c) भौतिक ढांचे का निर्माण एवं विकास.

उन्होंने उल्लेख किया जबकि प्रथम दो कार्यों का अनुसरण सही परिप्रेक्ष्य एवं पर्याप्त सफलता के साथ किया जा रहा है, तीसरे कार्य में संतोषप्रद प्रगति प्राप्त न किए जाने के कारण सिक्किम सरकार द्वारा भूमि स्थानांतरण के विलंबित मुद्दे का गैरा निराकरण है, हालांकि क्षतिपूर्त्ति की संपूर्ण राशि का भुगतान तीन वर्ष पूर्व ही किया जा चुका है ।

सदस्यों ने विश्वविद्यालय की सर्वागिंन प्रगति पर अपना संतोष जाहित किया एवं उपकुलपति को विश्वविद्यालय प्रणाली में कुल मिलाकर सर्वोत्तम एवं नवीकरणीय अभ्यासों को लागू करने के लिए बधाई दी । प्रमुख अंतर्वस्तु का उपयोग, नए एवं सुप्रकल्पित पाठ्यक्रमों, इ नेटवर्किंग, अभिवर्धित संयोजकता एवं अनुसंधान, वैश्विक परिदृश्य के साथ स्थानीय विशिष्टता पर ध्यान केंद्रित करते हुए कई सुझाव दिए गए । पड़ोसी एवं सार्क देशों के साथ अपनी शैक्षाणिक सहभागिता समेकित करने के विश्वविद्यालय के प्रयासों, जिनमें यू एस ए, यू के पश्चिमी यूरोपीय देश, आस्ट्रेलिया एवं न्युजीलैंड में संस्थानों के प्रति वरीयता प्रदान करते हुए, एवं जो कि अधिकांश भारतीय विश्वविद्यालयों का लक्ष्य है, का सदस्यों द्वारा हार्दिक स्वागत एवं प्रशंसा की गई । भूमि स्थानांतरण पर वर्तमान स्थिति के बारे में सिक्किम सरकार के प्रतिनिधि ने सदन को सूचित किया कि यद्यपि यह मामला सरकार के विचाराधीन है तथा इसके शीघ्र निपटान की आशा की जाती है, परंतु इसके लिए कोई निश्चित समय सीमा, जैसा कि सदन जानना चाहता है, सुनिश्चित की जा सकी । अपने उत्तर मे उपकुलपति ने सदन को आश्वस्त किया कि वह इस मामले के पीछे निरंतर लगा रहेगा तथा सदस्यों की चिंता दूर करने के लिए सभी संभव कदम उठाएगा तथा सदन को विश्वविद्यालय के कल्याण हेतु इनकी व्यग्रता के लिए धन्यवाद दिया ।

| | |
|---|---|
| एफ सी:08:04 | वित्त समिति की दिनांक **03.12.2011** को आयोजित पिछली बैठक के कार्यवृत्त की पुष्टि |

सचिव ने सदन को सूचित किया कि पूर्ववर्ती बैठक के कार्यवृत्त को समय से परिचालित किया गया तथा इस पर सदस्यों की कोई टिप्पणी प्राप्त नहीं हुई । तत्पश्चात सदन ने कार्यवृत्त की पुष्टि कर दी ।

| | |
|---|---|
| एफ सी:08:05 | वित्त समिति की दिनांक **03.12.2011** को आयोजित पिछली बैठक के कार्यवृत्त पर अनुवर्ती कारर्वाई रिपोर्ट |

सचिव द्वारा 7वीं वित्त समिति के निर्देश पर विश्वविद्यालय द्वारा की गई कार्रवाई का पैरावार विवरण दिया गया। सदन ने इसे अनुमोदन सहित नोट किया ।

| | |
|---|---|
| एफ सी:08:06 | वार्षिक लेखाएं **2011-12** पर विचार |

वर्ष 2011-12 हेतु विश्वविद्यालय की वार्षिक लेखाओं को सदसयों के समक्ष प्रस्तुत किया गया जिसने इस मामले पर विश्वविद्यालय द्वारा त्वरित कार्रवाई की प्रशंसा सहित नोट किया । अध्यख ने सदन को सूचित किया कि विश्वविद्यालय इन लेखाओं की लेखा परीक्षा दिनांक 20 मई 2012 तक करवाने का प्रयास करेगा, ताकि लेखा परीक्षाकृत लेखाओं को उनके उपकुलपति के कार्यकाल की समाप्ति तक एम एच आर डी को प्रस्तुत किया जा सके। विश्वविद्यालय की स्थापना के बाद के वर्षों में कार्यात्मक वृद्धि को प्रभावित करने वाले विशिष्ट वित्तीय पैरामीटरों का उल्लेख करते हुए एक पावरप्वांइट प्रस्तुतीकरण तालुकदर, प्रबंधक(वित्त) द्वारा किया गया । सदस्यों ने प्रगति को नोट किया तथा इस निर्देश के साथ वर्ष 2011-12 की वार्षिक लेखाओं का अनुमोदन किया कि इसे अगली कार्यकारी परिषद की बैठक में प्रस्तुत किया जाए ।

| | |
|---|---|
| एफ सी:08:07 | अनुदानों का उपभोग |

विश्वविद्यालय द्वारा वर्ष 2011-12 के दौरान प्राप्त अनुदानों का उपभोग का विवरण सदन के समक्ष रखा गया । सदस्यों ने नोट किया तथा प्रशंसा व्यक्त की कि विश्वविद्यालय द्वारा कई अवरोधों के बावजूद अनुदानों का 94 प्रतिशत उपभोग किया गया । सदन को सूचित किया गया कि सम्मेलित योजनाओं के अंतर्गत अव्ययित अनुदानों का उपभोग विस्तारित अवधि, अर्थात सितम्बर 2012 तक पर्याप्त रूप से कर लिया जाएगा ।

एक बार पुन: सदस्यों ने विश्वविद्यालय द्वारा किराए के परिसर से प्रचालन तथा निजी भवनों में प्रयोगशालाओं की स्थापना में होने वाली कठिनाइयों पर चिंता व्यक्त की । सदन आश्वस्त किया गया कि उपकरणों/औजारों का प्रापन बाह्य विशेषज्ञों के साथ विस्तृत संपर्क के बाद एवं इन उपकरणों के पुनर्स्थापन की संभाव्यता पर उनकी पुष्टि के ऊपर ही किया जा रहा है ।

| एफ सी:08:08 | **XII** पंच वर्षीय योजना के अंतर्गत अनुदानों के लिए प्रस्ताव |
|---|---|

XII वीं योजना के दौरान सिक्किम विश्वविद्यालय की आवश्यकताएं,जिनकी गणना यूजीसी द्वारा निर्धारित प्रपत्र में की गई थी, सदन के समक्ष प्रस्तुत की गई। सदस्यों को संस्थापाक उपकुलपति द्वारा सूचित किया गया, यहां तक कि विश्विद्यालय ने अपनी यात्रा के 58 महीने पूरे कर लिया है, परन्तु ढांचागत संरचनाओं के संदर्भ में अभी भी उतनी वृद्धि नहीं हो पाई है, जितनी की होनी चाहिए थी, क्योंकि कैंपस निर्माण कार्य आरम्भ नहीं किया जा सका। परिणामस्वरूप चिन्हित स्थल पर कैंपस विकसित करने तथा अपने शैक्षाणिक एवं अनुसंधान कार्यों को आगे बढ़ाने की अनिवार्यता XII वीं योजना अवश्यकताओं के मुख्य केंद्र रहे हैं ।

XIIवीं योजना दस्तावेज ड्राफ्ट के विशिष्ट लक्षणों को डा ओम पी गाड, सहायक प्रोफेसर एवं XIIवीं योजजना दस्तावेजों के निमा्रण हेतु उत्तरदायी दल के समन्वयकर्त्ता द्वारा प्रस्तुत किया गया । सदस्यों ने प्रस्तावित कार्यक्रमों, दूरस्थ स्थान में कैंपस निर्माण, शिक्षण छात्र एवं शिक्षण गैर शिक्षण कर्मचारियों का अनुपात, विश्वविद्यालय का सामुदायिकएवं सामाजिक पहूंच के लागू किए जाने के संबंध में कई आपत्तियां उठाई । संस्थापक कुलपति ने सदस्यों को आश्वास्त किया कि विश्वविद्यालय ने अपने अत्यधिक नवीकरणीय पाठ्यक्रमों के परिकल्पन में देश के अंतर्गत एवं विदेश से सर्वोत्तम संसाधनों का एक समुच्चय बनाने का कार्याभ्यास बनाया है, जिसमें स्थानीय लोकाचार के साथ साथ वैश्विक स्वीकार्यता निहित है । कैंपस निमा्रण के लिए विश्वविद्यालय के पास परामर्शदाता हैं, जो कि अपने क्षेत्र में प्रख्यात विशेषज्ञता रखते हैं । विश्वविद्यालय के सभी बाह्य पहूंच कार्यक्रम राज्य के नागरिकों के उत्थान के गति देने के लिए समुदाय विश्वविद्यालय के बीच संबंध स्थापित करने के लिए व्यवस्थित है । सदस्यों ने XIIवीं योजना की आवश्यकता पर बनाई गई परियोजना की प्रशंसा किया तथा सलाह दी कि इसमें पर्याप्त रूप से तालमेल बैठाई जाए तथा यू जी सी को अग्रेषित करने के पूर्व उचित रूप से प्रावस्थाबद्ध किया जाए ।

तत्पश्चात सदन में सूचनार्थ प्रस्तुत मदों पर चर्चा आरंभ की गई ।

## समूह II – सूचनार्थ रिपोर्ट की गई मदें

| | |
|---|---|
| एफ सी:08:09 | रजिस्ट्रार की नियुक्ति |

सदस्यों ने विश्वविद्यालय द्वारा की गई कार्रवाई को नोट किया।

| | |
|---|---|
| एफ सी:08:10 | विश्वविद्यालय पुस्तकालय बहिंगत कार्य निष्पादन |

सदन ने विश्वविद्यालय द्वारा पुस्तकालय संसाधनों की व्यवस्था हेतु किए गए विकास को प्रशंसा के साथ नोट किया।

| | |
|---|---|
| एफ सी:08:11 | सिक्किम विश्वविद्यालय वेबसाइट को पुर्नसज्जित किया जाना - एक रिपोर्ट |

सदस्यों ने विश्वविद्यालय के प्रयासों की प्रशंसा की ।

| | |
|---|---|
| एफ सी:08:012 | सिक्किम विश्वविद्यालय द्वारा यू जी सी नेट परीक्षा का आयोजन |

उपकुलपति ने सदस्यों को सिक्किम विश्वविद्यालय द्वारा यू जी सी नेट परीक्षा के संचालन में लाए गए बोधगम्य परिवर्तन का संक्षिप्त परिचय दिया एवं आशा व्यकत किया कि सिक्किम में अगले पांच वर्षों की अवधि में सैंकड़ों नेट अर्हता प्राप्त शिक्षक होंगे । सदन ने इस गतिविधि को प्रशंसा के साथ नोट किया ।

| | |
|---|---|
| एफ सी:08:13 | भवनों को किराए पर लिए जाने की स्थिति । |

सदस्यों ने भवनों के किराए पर खर्च होने वाली पर्याप्त निधि पर चिंता व्यक्त किया , जिसपर विश्वविद्यालय के पास अन्य कोई विकल्प नहीं है । सदन को सूचित किया गया कि किराए का निर्धारण संयुक्त सर्वेक्षण किए जाने के पश्चात किया जाता है, जिसमें सी पी डब्ल्यू डी विशेषज्ञ भी संलग्न है तथा यह समान्य बाजार किराए की तुलना में उचित है ।

| | |
|---|---|
| एफ सी:08:14 | स्वीकृत संख्याबल की स्थिति एवं कर्मचारियों की स्थिति |

सदन ने विश्वविद्यालय की श्रम-शक्ति स्थिति के बारे में मामले को नोट किया ।

| | |
|---|---|
| एफ सी:08:15 | यांग्यांग स्थित कैंपस भूमि |

सदस्यों ने पुन: एक बार भूमि के गैर स्थानांतरण पर विक्षोभ प्रकट किया एवं आशा व्यक्त किया कि इस मुद्दे को राज्य के शैक्षिक हित में शीघ्र निपटाया जाएगा ।

| | |
|---|---|
| एफ सी:08:16 | नामांकन हेतु कार्रवाई योजना **2012-13** |

सदन ने नामांकन हेतु कार्रवाई योजना 2012-13 को प्रशंसा के साथ नोट किया ।

| | |
|---|---|
| एफ सी:08:17 | प्लानर 2012 |

विषय वस्तु को प्रशंसा के साथ नोट किया गया

| | |
|---|---|
| एफ सी:08:18 | तृतीय वसंत व्याख्यान एवं पुस्तक विमर्श कार्यक्रम 2012 |

उपकुलपति ने ऐसे कार्यक्रमों को आयोजित करने की पृष्ठभूमि एवं दखता के बारे में सूचि किया, जिसपर सदस्यों ने संतोष जाहिर किया तथा इस दिशा में निरंतर प्रयास करने का अनुरोध किया ।

| | |
|---|---|
| एफ सी:08:19 | **2**रा विदेश नीति व्याख्यान एवं शरद सोजर्न प्रस्तुतीकरण |

सदन ने विषय की अति प्रशंसा के साथ नोट किया ।

| | |
|---|---|
| एफ सी:08:20 | अध्यक्ष महोदय की अनुमति से अन्य कोई विषय |

सचिव ने महालेखाकार (लेखा परीक्षा) सिक्किम से बकाया ऑडिट पैरा के निपटान के संबंध में प्राप्त पत्र से सदन को अवगत करवाया । सदस्यों ने प्रगति को नोट किया ।

चर्चा के लिए अन्य कोई विषय नहीं होने के कारण, अध्यक्ष महोदय ने सम्मानित सदस्यों को उनके मूल्यवान सुझावों तथा इस अनुभवहीन विश्वविद्यालय हेतु समर्थन हेतु धन्यवाद ज्ञापित करने के बाद कार्यवाही समाप्त की घोषणा की।

हस्ताक्षरित/-
(डी. कानुनज्ञ)
विशेष कार्य अधिकारी
[वित्त एंव प्रबंधन]